आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कल से महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर तक प्रदेशव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छता पखवाड़ा का अभियान व्यापक जनसहभागिता से ही सफल होगा, इसलिये इसमें सामूहिक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता और फॉगिंग का कार्य करने के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर कल गोरखपुर में एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज में लगने वाली इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज त्रिपुरा राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्‌घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉक्टर माणिक साहा के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने विकास और विरासत के अभियान को लगातार आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु राम के मंदिर का निर्माण हो या फिर त्रिपुरा में मां त्रिपुर सुन्दरी के मंदिर के सुन्दरीकरण और पुनरूद्धार के कार्य इसके उदाहरण हैं।

****

प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कल कुशीनगर में जेल के लिए अधिग्रहित स्थल का निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि देवरिया जेल बन्दियों के अत्यधिक भार से जूझ रही है। कुशीनगर में जिला जेल बन जाने से देवरिया जेल की यह समस्या खत्म हो जाएगी। कारागार मंत्री ने बताया कि कुशीनगर जेल की क्षमता एक हजार छब्बीस के करीब होगी। इसके निर्माण के लिए पैंसठ एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था इसे सोलह महीने में पूरी तरह से तैयार करेगी।

****

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये वाराणसी नगर निगम कंचनपुर और सारंग तालाब के पास उपवन योजना का शुभारम्भ करेगा। इन स्थलों पर एक एकड़ भूमि में मियांवाकी तकनीक से पौधरोपण किया जायेगा जबकि शेष स्थानों पर ओपेन जिम और व्यायाम स्थल का निर्माण होगा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि उपवन योजना के अन्तर्गत लम्बी आयु वाले पौधे लगाये जायेंगे।

****

वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिये मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारम्भ होकर इकतीस दिसम्बर तक चलेगी। मोटे अनाज में शामिल मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद के लिये किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण जारी है। इस सम्बन्ध में किसान अपनी किसी भी समस्या के लिये टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य शून्य एक पांच शून्य पर फोन कर मदद ले सकते हैं। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने मक्के का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार दो सौ पच्चीस रूपये प्रति कुंतल, बाजरा का दो हजार छः सौ पच्चीस रूपये प्रति कुंतल, हाईब्रिड ज्वार का तीन हजार तीन सौ इकहत्तर और मालवाण्डी ज्वार का तीन हजार चार सौ इक्कीस रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

****

इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में मुस्लिम समाज के लोगों की तरफ से जुलूस–ए–मोहम्मदी निकाली जा रही है। जगह–जगह पर जुलूस का स्वागत किया जा रहा है। गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आज ईद–मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम बहुल बस्तियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस त्यौहार को लेकर मस्जिदों को झालरों से सजाया गया है। विभिन्न जिलों में जुलूस–ए–मोहम्मदी को लेकर यातायात व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किये गये हैं।

****

राज्य की प्रमुख नदियों के उफान पर आने, पहाड़ों पर हुयी बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते कई जिलों में बाढ़ के हालात पैदा हो गये हैं। लखीमपुर खीरी में लगभग सभी नदियां शारदा ,घाघरा, सहेली , मोहाना, आदि के उफानाने से जिले का लगभग आधा इलाका बाढ़ से प्रभावित हो गया है। बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान को पार कर गयी है। उधर, वाराणसी में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच रहा है। इसे देखते हुए प्रशासन ने नदी तट के इलाकों के लिये हाई अलर्ट घोषित किया है। दूसरी तरफ वाराणसी में वरूणा नदी में उल्टे प्रवाह के चलते बाढ़ का पानी कई मोहल्लो में पहुंच गया है। राप्ती नदी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बढ़त पर है। सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के तेज बहाव के चलते भनवांपुर ब्लॉक में तेज कटान हो रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में आज शाम से लेकर कल तक के बीच भारी बारिश और कहीं–कहीं बिजली गिरने का अनुमान जताया है।

****

सम्भल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव में आज सुबह सड़क किनारे बैठे ग्रामीण तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आ गये। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी है जबकि चार ग्रामीण घायल हैं। घायलों को सीएचसी रजपुरा में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें अलीगढ़ के लिये रेफर कर दिया गया है।

****